ट्रककी टक्करसे बाइक सवार रिकवरी एजेंटकी मौत

ड्यूटी जाते समय रावतपुर पुलिसचौकीके पास हुआ हादसा, हंडियाका रहने वाला था अभिषेक

एयरपोर्ट थाना की पुलिस रावतपुर पुलिस चौकी के पास बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। ड्यूटी पर बाइक से जा रहे एक निजी फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट की हादसे में मौत हो गई। ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया।

गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया है। हादसे की जानकारी होने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

हंडिया थानाक्षेत्र में अंबारिया सैदाबाद सीखीपुर निवासी सुशील कुमार की पांच संतानों दो बेटे और तीन बेटियों में सबसे बड़ा २१ वर्षीय अभिषेक कुमार झलवा में कमरा लेकर नौकरी करता था। वह एक फाइनेंस कंपनी



मृतक अभिषेक की फाइल फोटो।

में बतौर रिकवरी एजेंट था। वह बुधवार की सुबह करीब आठ बजे बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। एयरपोर्ट थानाक्षेत्र में रावतपुर पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आगे की कारवाई की। अभिषेक इकलौता कमाने वाला था। वह परिवार चलाने में पिता की मदद करता था। उसके पिता सुशील कुमार कुछ महीने से मुंबई में हैं। जैसे ही हादसे की खबर अभिषेक के घर पहुंची कोहराम मच गया। मां मंजू देवी और भाई-बहन रोने-विलखने लगे। थाना प्रभारी एयरपोर्ट वैभव सिंह ने बताया कि मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर किया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कारवाई की जा रही है।

२४ मीटरोंमें बाईपासकर बिजली चोरी, २६ के खिलाफ एफआईआर

खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्रोंसे जुड़े इलाकोंमें जांच अभियानसे मचा हड़कंप

खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े इलाकों में लाइनलास वाले फीडरों को चिन्हित कर बिजली विभाग का प्रवर्तन दलके साथ अभियान चलाने से हड़कंम मचा रहा है। जांच के दौरान २४ उपभोक्ताओं के विद्युत मीटरों में बाईपास कर विद्युत चोरी करते हुए पाया गया, जबकि २ उपभोक्ता सीधे एलटी लाइन से कटिया डालकर अवैध रूप से विद्युत का उपभोग करते पाए गए। सभी के अवैध विद्युत कनेक्शन तत्काल विच्छेदित कर दिए गए। कुल २६ व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, २००३ के प्रावधानों के अंतर्गत विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके अतिरिक्त जांच के दौरान ५ उपभोक्ताओं का विद्युत भार (लोड) बढ़ाया गया तथा २ उपभोक्ताओं की विद्युत विधा (कैटेगरी) में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया गया।

अधिशासी अभियंता, कल्याणी देवी शशांक गुप्ता के निर्देशन एवं उपखंड अधिकारी, खुसरोबाग अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में खुसरोबाग ओल्ड उपकेंद्र एवं खुसरोबाग न्यू उपकेंद्र के अंतर्गत सघन विद्युत चोरी जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खुसरोबाग ओल्ड उपकेंद्र से संबंधित हिम्मतगंज एवं भूसौली टोला तथा खुसरोबाग न्यू उपकेंद्र से संबंधित सुल्तानपुर भावा, बख्शी बाजार ,बैगन टोला क्षेत्रों में कुल लगभग ४५ विद्युत उपभोक्ताओं की जांच की गई। इस अभियान में अवर अभियंता मोहित कुमार, कप्तान सिंह व विजिलेंस टीम सहित विभागीय लाइनमैन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

उपखंड अधिकारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि विद्युत चोरी के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वह केवल वैध विद्युत कनेक्शन एवं मीटर के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। विद्युत चोरी अथवा मीटर से छेड़छाड़ करते पाए जाने पर नियमानुसार कठोर विधिक कारवाई के साथ-साथ आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी से विभाग को राजस्व की हानि होती है तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है। अतः सभी उपभोक्ता विद्युत चोरी से बचें और निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में विभाग का सहयोग करें।

लाइनलास वाले फीडरोंको चिन्हितकर तेज होगा जांच अभियान

नगर के अलग अलग फीडर से जुड़े इलाकों में कटियामारी और मीटर में सेंधमारी कर बिजली चोरी की जांच की तैयारी की जा रही है। इसमें नगर के विद्युत उपकेन्द्रों तेलियरगंज, बेली, म्योहाल, टैगोर टाउन, फोर्टरोड, गऊघाट, पावर हाउस, कल्याणी देवी, करेली, खुसरोबाग, करेलाबाग, करेली, बमरौली, सिविल लाइंसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम गठितकी गयी है। कर्मचारी नियमित रूपसे इलाके के फीडर के लोड की जांच कर विवरण जुटायेंगे। जिन फीडर पर अधिक लाइनलास विवरण में दर्ज होगा। ऐसे इलाकोंको चिन्हित कर टीम प्रवर्तन दल के साथ औचक निरीक्षण करेंगे।

जनगणना-२०२७ : फील्ड ट्रेनरोंका पढ़ाया व्यवहारिकताका पाठ

भारत की जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण-जनसंख्या की गणना की तैयारियों के क्रम में बुधवार को झलवा स्थित शम्भूनाथ इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी में आयोजित फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान फील्ड ट्रेनरों को व्यवहारिकता का पाठ पढ़ाया और साथ ही देव देव प्रयाग कालोनी में फील्ड



अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रयागराज के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स ने जनगणना प्रक्रिया, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका, जनगणना संबंधी प्रपत्रों के संधारण तथा डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संकलन एवं प्रविष्टि के संबंध में विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को जनगणना कार्य की निर्धारित प्रक्रिया, कार्यप्रणाली एवं तकनीकी पहलुओं से भी अवगत कराया।

फील्ड अभ्यास के दौरान प्रशिक्षुओं को वास्तविक क्षेत्रीय परिस्थितियों में जनगणना कार्य की प्रक्रिया, प्रगणना संबंधी कार्यों तथा डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संकलन एवं प्रविष्टि का व्यवहारिक अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त उक्त फील्ड ट्रेनरों द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण का कार्य निर्धारित मानकों, प्रक्रियाओं एवं समय-सारिणी के अनुरूप सुचारु रूप से सम्पन्न कराया जा सके। जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-गणना का कार्य१६ नवम्बर से ३० नवम्बर, जनसंख्या की गणना एक दिसम्बर चार जनवरी तक तथा पुनरीक्षण कार्य पांच जनवरी से नौ जनवरी २०२७ तक कराना निर्धारित है।

जूनियर शिक्षक भर्तीको लेकर छात्रोंका डिजिटल हुंकार

जूनियर शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग को लेकर बुधवार को विभिन्न छात्र संघटनों, अभ्यर्थियों एवं छात्रों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म (ट्विटर) पर व्यापक डिजिटल हुंकार अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न छात्र संघटनों एवं अभ्यथिर्यों ने अपने-अपने एक्स हैंडल के माध्यम से जूनियर शिक्षक भर्ती का विज्ञापन शीघ्र जारी करने तथा कक्षा ६ से ८ तक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया तत्काल प्रारम्भ करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। छात्रों ने पोस्ट, हैशटैग एवं मुख्यमंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को टैग कर सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण रोजगार के मुद्दे की ओर आकर्षित किया।

छात्रों का कहना है कि लंबे समय से जूनियर शिक्षक भर्ती की प्रतीक्षा कर रहे लाखों अभ्यर्थियों के बीच लगातार असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पूर्व में जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी दिया जा चुका है। ऐसे में अब सरकार एवं संबंधित विभाग को इस मांग पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जूनियर शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की स्पष्ट कार्यवाही करनी चाहिए।

सोशल मीडिया अभियानके बाद कल निकालेंगे मोमबत्ती मार्च

सोशल मीडिया अभियान के बाद आंदोलन को जमीनी स्तर पर आगे बढ़ाते हुए आठ अक्तूबर की शाम छह बजे ईश्वर शरण डिग्री कालेज मुख्य द्वार से सलोरी से गोविंदपुर तक विशाल मोमबत्ती मार्च निकाला जाएगा।

मोमबत्ती मार्च के माध्यम से छात्र एवं अभ्यर्थी सरकार से मांग करेंगे कि कक्षा ६ से ८ तक जूनियर शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया सभी संबंधित विद्यालयी स्तरों पर शीघ्र प्रारम्भ की जाए तथा विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच ने कहा कि शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का लंबा इंतजार अब समाप्त होना चाहिए।

युवाओं को आश्वासन नहीं, बल्कि भर्ती प्रक्रिया का स्पष्ट रोडमैप और विज्ञापन चाहिए।

हुंकार मंच ने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी राजनीतिक दल के बैनर पर नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दे को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से उठाने का प्रयास है।

अनियंत्रित कार डिवाइडरसे टकरायी, चार घायल

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के मोहनी चौराहा के पास मंगलवार की रात अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गयी जिससे दो युवतियों सहित चार को बर्थडे था। दोस्तों ने बर्थडे पार्टी खूबसूरत स्थान पर किए जाने की जिद किया तो कार में सवार होकर कई दोस्त बमरौली सिविल एयरपोर्ट

जन्मदिन पार्टी मनानेके बाद लौट रहे थे सभी

घायल हो गये। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि वह बर्थडे मनाने के बाद लौट रहे थे। एयरपोर्ट पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक धूमनगंज थाना क्षेत्र निवासी एक युवती का मंगलवार के समीप सड़क किनारे लगे हरे भरे पौधों के बीच केक काटकर पार्टी मनाई। इसके बाद देर रात वह कार में सवार होकर घर के लिए निकले थे। इसी दौरान मोहनी चौराहा के समीप किसी वाहन को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार दो युवतियां एवं दो युवक घायल हो गये। आसपास रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस की सूचना के बाद पहुंचे एक युवक के परिजन उसे पास ही के एक निजी अस्ताताल में भर्ती कराया जबकि अन्य तीन को सिविल लाइंस स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एयरपोर्ट थाना प्रभारी वैभव सिंह का कहना है कि वाहन को थाना में खड़ी किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग होगा फोर लेन, मंत्रीने दी स्वीकृति

प्रयागराज-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-३५ पर रोजाना लगने वाले जाम और भारी यातायात के दबाव से जल्द ही लोगों को मुक्ति मिलने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस मार्ग को दो लेन से बढ़ाकर चार लेन में चौड़ीकरण करने की योजना को औपचारिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी है इसकी सूचना केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह को दी गयी है।

आरपीएफ की हवालातसे फरार मोनू गिरफ्तार

रामबाग रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की हवालात से जवानों को चकमा देकर फरार हुए शातिर चोर मोनू को बुधवार को अपरान्ह में झूंसी स्टेशन यार्ड से गिरफ्तार कर लिया गया।

जीआरपी ने अग्रिम कारवाई के लिए आरोपित को जनपद न्यायालय में पेश किया। आरपीएफ और जीआरपी द्वारा आरोपित के खिलाफ विधिक कारवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि झूंसी थाना क्षेत्र के धर्मशाला निवासी फूलचन्द्र उर्फ मोनू आरपीएफ ने बीते सोमवार को रेलवे के सामानों की चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। मंगलवार की सुबह साढ़े छह बजे जब मोनू को शौच के लिए हवालात से निकाला गया तो वो जवानों को झटका देकर भाग गया।

इस प्रकरण में लापरवाही सामने आने पर रेलवे प्रशासन ने घटना के वक्त पहरा ड्यूटी कर रहे आरपीएफ सिपाही सुरेंद्र गौतम और जीडी ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल राम नगीना को निलम्बित कर दिया था। इस घटना के बाद मोनू की धरपकड़ के लिए आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने जगह-जगह दबिश दी। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज रामबाग दयाशंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक मिनट पर झूंसी स्टेशन यार्ड से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को हवालात से फरार होने के मामले में जीआरपी द्वारा

पकड़े गये आरोपितके खिलाफ जीआरपी और आरपीएफ कर रही विधिक कारवाई

प्रयागराज रामबाग, काशी नाथ मिश्र, कान्सटेबल संजय यादव, विनय कुमार पाण्डेय, अजय यादव, उप निरीक्षक सीआईबी बीएसबी, कान्सटेबल सीआईबी बीएसबी शिव प्रसाद और जीआरपी उप निरीक्षक कन्हैया कुमार की टीम ने फरार आरोपित मोनू को बुधवार को अपरान्ह १२ बजकर १५ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में आज जीआरपी ने गिरफ्तार मोनू को जनपद न्यायालय में पेश किया। वहीं बीते पांच अक्तूबर को आरपीएफ द्वारा कराये गये मुकदमा ३/२०२६ में जांचकर्ता उप निरीक्षक जितेन्द्र नाथ अनार्य द्वारा अन्य विधिक कारवाई की जा रही है।

चुनाव आयोगके खिलाफ हो रहे आंदोलनको हुंकार मंचका समर्थन

आज राष्ट्रपतिको संबोधित ज्ञापन डीएम को सौपेंगे प्रतियोगी छात्र

देश में निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों, छात्र संघटनों, अधिवक्ता समुदाय, सामाजिक संघटनों एवं नागरिक समाज की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। निर्वाचन से जुड़े विभिन्न मामलों में सामने आ रहे आरोपों एवं अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच तथा चुनाव आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को लेकर देशभर में चल रहे लोकतांत्रिक आंदोलन का संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच ने समर्थन किया है।

हुंकार मंच का मानना है कि भारत का निर्वाचन आयोग लोकतंत्र की अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था है। देश के प्रत्येक नागरिक का विश्वास इस बात में होना चाहिए कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और किसी भी प्रकार के राजनीतिक अथवा संस्थागत दबाव से मुक्त है। यदि निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर नागरिकों, राजनीतिक दलों, छात्रों, अधिवक्ताओं अथवा सामाजिक संघटनों के मन में गंभीर शंकाएं उत्पन्न होती हैं तो उन शंकाओं का समाधान संवाद, तथ्यों की जांच और संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही के माध्यम से किया जाना आवश्यक है। हुंकार मंच का स्पष्ट मत है कि चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की कथित गड़बड़ी, मतदाता सूची से जुड़े विवाद, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, मतदान एवं मतगणना से संबंधित सवाल अथवा अन्य गंभीर आरोपों को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। इन सभी विषयों पर निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी जांच होनी चाहिए तथा देश के नागरिकों के सामने तथ्यों को स्पष्ट किया जाना चाहिए। इसे लेकर आठ अक्तूबर को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जायेगा।

दसको दिल्ली चलो आवाहनका समर्थन

मंच के संयोजक पंकज पांडेय ने बताया कि देशभर के छात्रों एवं विभिन्न सामाजिक समूहों द्वारा १० अक्टूबर को दिल्ली में प्रस्तावित आंदोलन एवं 'दिल्ली चलो' आह्वान का संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच समर्थन करता है। हुंकार मंच देश के छात्रों, युवाओं, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नागरिक समाज एवं लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले सभी जिम्मेदार नागरिकों से अपील करता है कि वह लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद करें।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियानमें उमरे ने लगाये एक करोड़से अधिक पौधे

उत्तर मध्य रेलवे ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक बड़ी पर्यावरणीय उपलब्धि हासिल की है। इस वित्तीय वर्ष में एक करोड़ का आंकड़ा पार करते हुए कुल एक करोड़, ११ लाख, ११ हजार १११ पौधे लगाये गये हैं। इस खास उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने सुबेदारगंज के रेल गाव में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतीकात्मक तौर पर एक करोड़ ग्यारह लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारहवां पौधा लगाया। उनके साथ मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने लीची, तुलसी और आमके पौधे लगाये।इस हरित पहल को असल



रफ्तार पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिली, जब वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए उत्तर मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में दो करोड़ पौधे लगाने का बड़ा लक्ष्य तय किया गया था। तीनों डिवीजनों से इस लक्ष्य में सक्रिय रूप से योगदान करने का निर्देश देते हुए महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने एक ठोस मुहिम चलायी। इसमें प्रयागराज डिवीजन ४३.४४ लाख पौधों के साथ सबसे आगे है उसके बाद झांसी डिवीजन ने ४२.०९ लाख और आगरा डिवीजन ने २५.५८ लाख पौधे लगाये। यह मुहिम आज अपने चरम पर पहुंच गयी, जब अलीगढ़, आगरा, मथुरा, कानपुर, झांसी, बांदा, मिर्जापुर और ग्वालियर जैसे बड़े नगरों में फैले ३०० से ज्यादा रेलवे स्टेशनों और कालोनियों में एक ही दिन में १३ लाख से ज्यादा पौधे लगाये गये। इस बड़े काम को आसान बनाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे ने बेकार पड़ी जमीनों की पहचान की, ट्रैक के किनारे जमा कबाड़ हटाया और कब्जे वाली जमीनों को वापस हासिल किया। साथ ही स्थानीय एनजीओ और राज्य वन विभाग के साथ भी मिलकर काम किया। उप महाप्रबंधक सामान्य अतुल मिश्रा ने तीनों मण्डलों से समन्वय स्थापित कर इस लक्ष्य को पाने में अहम भूमिका निभायी।

एनसीजेडसीसी में हरियाणवी लोकगीतोंपर झूमे लोग

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं हरियाणा कला परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में त्रिवेणी कला उत्सव के तीसरे दिन समापन पर हरियाणवी लोकगायक रामकेश जीवनपूरिया ने अपनी सधी हुई आवाज और दमदार प्रस्तुति से ऐसा रंग जमाया कि लोग तालियां बजाते और गीतों पर झूमते रहे। 'हट जा ताऊ पाछै नै, नाचण दे जी भर कै नै' की प्रस्तुति ने माहौल को खासा जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि प्रो. पंडित साहित्य कुमार नाहर, सेवानिवृत्त कुलपति, राजा मानसिंह संगीत विश्वविद्यालय, ग्वालियर, महेश जोशी, उपाध्यक्ष, हरियाणा कला परिषद, केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा और कार्यक्रम सलाहकार कल्पना सहाय ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। इसके बाद रामकेश जीवनपूरिया ने हरियाणवी लोकगीतों की प्रस्तुति शुरू की। 'तेरे बिना स्वामी मेरा ना सहारा', 'जमाना रंग बदलता है', 'पहले आली हवा रही ना' और 'हंसना भी जरूरी हुआ करै' जैसे गीतों ने श्रोताओं को बांधे रखा।'जमाना रंग बदलता है, जैसे रोज सुबह को चढ़ के सूरज शाम को



ढलता है' जैसे भावपूर्ण गीतों ने श्रोताओं को संवेदना से जोड़ा, कौन कहता भगवान वहीं 'हंसना भी जरूरी हुआ करै' ने माहौल में हास्य और उमंग घोल दी। इसके बाद 'हट जा ताऊ पाछै नै, नाचण दे जी भर कै नै' की प्रस्तुति पर सभागार तालियों से गूंज उठा। रामकेश जीवनपूरिया के साथ जयपाल ने बैंजो, सुमित और बलराम ने कोरस तथा अमित ने ढोलक पर संगत की। कार्यक्रम के दौरान केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा ने हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी को 'हरियाणा गौरव सम्मान' प्रदान किया। इसके साथ ही हरियाणवी कलाकारों को पौधे और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आकाश अग्रवाल ने किया।

सरदार पटेल एवं महात्मा गांधी मार्गपर रोडवेज बसोंका संचालन प्रतिबंधित

शहर के प्रमुख मार्गो पर लगातार लग रहे जाम से निपटने के लिए परिवहन निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने सरदार पटेल मार्ग और महात्मा गांधी मार्ग से रोडवेज बसों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश जारी किया है। विद्यावाहिनी बस स्टेशन से बसों के आवागमन के लिए पूर्व से ही मार्ग निर्धारित है। तय रूट के तहत बसों को मेडिकल चौराहे से दाहिने मुड़कर बालसन चौराहे की ओर जाना है तथा बालसन से जार्जटाउन थाना होते हुए वापस विद्यावाहिनी बस स्टेशन आना है। इसके बावजूद कई बसें निर्धारित रूट का उल्लंघन कर सरदार पटेल मार्ग एवं महात्मा गांधी मार्ग से गुजर रही थीं, जिसके चलते इन व्यस्त इलाकों में लगातार भीषण जाम की स्थिति बन रही थी। पुलिस एवं जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद क्षेत्रीय प्रबंधक ने यह सख्त कदम उठाया है। नये आदेश में सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने स्तर से २४ घंटे कर्मियों की ड्यूटी लगाएं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी बस प्रतिबंधित मार्गो से न गुजरे। क्षेत्रीय प्रबंधक रविन्द्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई बस सरदार पटेल मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग या फिर विद्यावाहिनी बस स्टेशन के बाहर अवैध रूप से खड़ी पाई जाती है, तो संबंधित कार्मिक के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कारवाई की जाएगी। साथ ही, यातायात पुलिस द्वारा ऐसी बसों का तुरंत चालान काटा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की होगी।

बसें चलीं तो नपेंगे रोडवेज कर्मचारी, कारवाईके सख्त आदेश

उपाध्यक्ष पदपर अन्नपूर्णा चंदेल और शक्ति सिंहकी बढ़त कायम

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव की मतगणना में महिला उपाध्यक्ष में अन्नपूर्णा सिंह चंदेल सर्वाधिक ३०५२ मत हासिल कर पहले स्थान पर है।। वहीं पुरुष उपाध्यक्ष की मतगणना में शक्ति सिंह १२७० मतों के साथ सबसे आगे चल रहे है। संयुक्त सचिव (महिला) चल रहे हैं। आशुतोष पांडेय को १०२६, जितेंद्र सिंह को ८९१, अवनीश कुमार श्रीवास्तव को ८६५, कमलेश रतन यादव को ८६०,परवेज इकबाल अंसारी को ८३९, अशोक कुमार गुप्ता को ८४८, त्रिपुरारी पाल को ८२९,विनोद कुमार यादव ८१५,अब्दुल मजीद को ७४७ मत मिले।

हाईकोर्ट बार चुनावमें संयुक्त सचिव महिला पदपर शिवांगी एवं कोषाध्यक्ष महिलापर उष्मा मिश्रा आगे

पद पर शिवांगी भार्गव,कोषाध्यक्ष (महिला) पर उष्मा मिश्रा की बढ़त बरकरार है कार्यकारिणी सदस्य (महिला) पद पर अदिति पांडेय को ३८४४ मतों के साथ पहले स्थान पर बनी हुई हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के वार्षिक चुनाव २०२६-२७ की मतगणना के १३वें दिन बुधवार को लाइब्रेरी हाल में उपाध्यक्ष पुरुष के चार और उपाध्यक्ष महिला के दो पदों के लिए कुल ७५२७ मतपत्रों की गणना की गई। वहीं पं. के.एन. मिश्र अध्ययन कक्ष में संयुक्त सचिव (महिला), कोषाध्यक्ष (महिला) एवं कार्यकारिणी सदस्य (महिला) पद के ७९९८ मतपत्रों की गिनती हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद फरमान अहमद नकवी के मुताबिक महिला उपाध्यक्ष पद की मतगणना में अन्नपूर्णा सिंह चंदेल को ३०५२, रंजना (रंजना सिंह) को २३१४, मंजू कुमारी (मंजू पांडेय महक) को २१६२, रीमा गुप्ता को १५८९, हया रिजवी को १५१९ और राखी कुमारी को ११४२ मत मिले। पुरुष उपाध्यक्ष में शक्ति सिंह १२७० मतों के साथ सबसे आगे संयुक्त सचिव (महिला) पद पर शिवांगी भार्गव (शिवांगी तिवारी) २१०३ मतों के साथ सबसे आगे चल रहीं हैं। उडिशा त्रिपाठी को २०३७,कविता तोमर १८४८, रचना सिंह को १२१८ और प्रीति द्विवेदी को ४१७ मत मिले। कोषाध्यक्ष (महिला) पद पर श्रीमती उष्मा मिश्रा (नेता जी) को सर्वाधिक २९८० मत मिले। आराधना सिंह (केएम आराधना) को २२५२ और अंजना चतुर्वेदी को २१७९ मत प्राप्त हुए। चुनाव समिति ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्य (महिला) पद पर अदिति पांडेय को ३८४४,वंदना सिंह को ३७७५, दिव्या यादव को २५०२, सोनी गुप्ता को २३०६, दुर्गा कुमारी को १९३१, अप्सरा को १८१३, नेहा सोनकर को १७७१, उदान्तिका श्रीवास्तव को १७८४, संगीता श्रीवास्तव को १७२१,नेहा खान को १३४५, कुसुम लता को १३३१, शिक्षा सिंह गौतम को १२७०, मंजू लता वर्मा को १२२८, रंजना कुमारी गौर को १०८९, शाहीन बेगम को १०७७ और फातमा खातून को ८५५ मत मिले।चुनाव समिति ने बताया कि गुरूवार को मतगणना सुबह १० बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

मुंडेरा मंडीमें गंदगीका अंबार, सफाई व्यवस्थापर उठे सवाल

शिकायतों और सफाई अभियानके बाद भी नहीं बदल रही तस्वीर

प्रयागराज की सबसे बड़ी और प्रमुख सब्जी मंडियों में शुमार होने वाली मुंडेरा मंडी बदहाल है। यह बात खुद उप निदेशक मण्डी संजय कुमार सिंह भी जानते है। मंगलवार को मण्डलीय समीक्षा बैठक में पटरी से उतरी सफाई व्यवस्था के लिए मातहत अधिकारियों को आड़े हाथ लिया। मण्डी की खराब हो चुकी बिजली की लाइटों को तुरंत बदलने का निर्देश दिया। बता दे कि यहां प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों से फल और सब्जियां बिक्री के लिए पहुंचती हैं। मंडी से रोजाना बड़ी मात्रा में सब्जियों और फलों की आपूर्ति प्रयागराज समेत आसपास के जिलों में होती है। बड़े होटल, आयोजन और शहर के हजारों घरों तक सब्जियां इसी मंडी के जरिए पहुंचती हैं। लेकिन जिस मंडी से लोगों की रसोई तक ताजी और स्वस्थ सब्जियां पहुंचती हैं, उसी मंडी के कई हिस्सों में गंदगी, कूड़े के ढेर, जलभराव और आवारा पशुओं का जमावड़ा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।मंडी में दिनभर खरीद-बिक्री के बाद भीड़ तो खत्म हो जाती है, लेकिन गंदगी का सिलसिला खत्म नहीं होता। मंडी के कई स्थानों पर कूड़ा और गंदगी जमा रहती है। कुछ जगहों पर इतनी दुर्गंध रहती है कि वहां से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। तालाब के आसपास भी गंदगी का अंबार दिखाई देता है और इसी क्षेत्र में आवारा पशुओं का जमावड़ा बना रहता है। मंडी में कई स्थानों पर हालात में सुधार नजर नहीं आ रहा है। मंडी में समय-समय पर सुरक्षा और साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर हो-हल्ला मचता है लेकिन परिस्थितियां नही बदलती। बारिश के बाद मंडी के कुछ हिस्सों में उगी घास और पेड़ अब छतों तक पहुंचने लगे हैं। इससे मंडी परिसर की स्थिति खराब हो रही है और कई जगहों पर नमी एवं गंदगी के कारण सब्जियों के खराब होने का खतरा भी बना रहता है। कई बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन हालात नहीं बदले। व्यापारियों के अनुसार, मंडी परिसर में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है, जिसके चलते रात होते ही पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है। सुरक्षा गार्डो या पुलिस गश्त (पेट्रोलिंग) की उचित व्यवस्था न होने से असामाजिक तत्वों, शराबियों और चोर-उचक्कों का जमावड़ा बना रहता है, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा और माल चोरी होने का भय व्याप्त है।

छह दशकसे प्रयागराजमें गूंज रही वायु शक्तिकी गर्जना

मध्य वायु कमानके ६० वर्ष पूरे, ११५० से अधिक सैन्य पायलटोंको दिया गया प्रशिक्षण, महाकुम्भमें संभाली ५५५२ उड़ानोंकी जिम्मेदारी

भारतीय वायु सेना की ९४वीं वर्षगांठ आठ अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस मौके पर प्रयागराज का वायु सेना से छह दशक पुराना रिश्ता भी गौरव के साथ सामने आया है। फरवरी १९६६ में मध्य वायु कमान का मुख्यालय प्रयागराज स्थानांतरित हुआ था। वर्ष २०२६ में कमान ने यहां अपनी मौजूदगी के ६० वर्ष पूरे कर लिए हैं। बमरौली स्थित वायु सेना स्टेशन और बेसिक फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल ने प्रयागराज को सैन्य विमानन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में पहचान दिलाई है। आठ अक्टूबर १९३२ को स्थापित भारतीय वायु सेना देश की हवाई सीमाओं की सुरक्षा के साथ युद्ध और आपदा के समय राहत-बचाव में भी अहम भूमिका निभाती है। वायु सेना दिवस उसके जवानों के साहस, बलिदान और राष्ट्रसेवा को सम्मान देने का अवसर है। आठ अक्टूबर २०२३ को बमरौली में ९१वें वायु सेना दिवस की समारोहिक परेड आयोजित हुई थी। इसके बाद त्रिवेणी संगम के ऊपर भव्य हवाई प्रदर्शन हुआ। इस आयोजन ने प्रयागराज और वायु सेना के रिश्ते को और मजबूत किया था। महाकुंभ २०२५ में बमरौली वायु सेना स्टेशन ने हवाई यातायात के संचालन में अहम भूमिका निभाई। स्टेशन के एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने ३६४८ निर्धारित और १९०४ गैर-निर्धारित उड़ानों का संचालन संभाला। बेसिक फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल की स्थापना नौ अक्टूबर १९८७ को हुई थी। यहां स्वदेशी एचपीटी-३२ विमान से प्रारंभिक उड़ान प्रशिक्षण शुरू हुआ। बाद में हेलीकाप्टर प्रशिक्षण शुरू किया गया और एक फरवरी २००६ को चेतक हेलीकाप्टर पर पहला प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हुआ। वर्ष २००६ से अब तक ४० आर्मी पायलट पाठ्यक्रमों के तहत सेना और भारतीय तटरक्षक बल के ११५० से अधिक पायलटों को प्रथम चरण का हेलीकाप्टर उड़ान प्रशिक्षण दिया जा चुका है प्रयागराज स्थित मध्य वायु कमान ने १९६५ और १९७१ के युद्धों के अलावा १९८८ में ऑपरेशन कैक्टस और कारगिल संघर्ष के दौरान ऑपरेशन सफेद सागर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भुज भूकंप, हिंद महासागर सुनामी, उत्तराखंड के ऑपरेशन राहत, जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन मेघ राहत, नेपाल भूकंप और विभिन्न राज्यों की बाढ़ के दौरान भी कमान के विमान और जवान राहत-बचाव कार्य में जुटे। नमो घाट पर विशिष्ट अतिथियों के लिए दर्शक दीर्घा होगी, जबकि आम नागरिक निर्धारित सार्वजनिक दर्शक क्षेत्रों से प्रदर्शन देख सकेंगे।

यूपी बोर्ड कर्मचारी संघके चुनावके लिए मतदान २२ को

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्णिक संघ में प्रांतीय अध्यक्ष और प्रांतीय महामंत्री का चुनाव यूपी बोर्ड मुख्यालय और पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों (प्रयागराज, मेरठ, वाराणसी, बरेली और गोरखपुर) के ५२२ कर्मचारी (४२२ पुरुष व ८० महिला) करेंगे।नामांकन की अंतिम तिथि मंगलवार तक अध्यक्ष पद चार कर्मचारियों मान सिंह (निवर्तमान अध्यक्ष), गोपाल खरवार, सर्वेश मिश्रा और अभिषेक त्रिपाठी ने दावेदारी की है। वहीं महामंत्री पद पर सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है। महामंत्री पद के लिए जंग बहादुर और राजेश कुमार पाल ने नामांकन किया है। आठ अक्तूबर को नामांकन वापसी, नौ को नामांकन फार्म की जांच के बाद उसी दिन वैध प्रत्याशियों की अन्तिम सूची प्रकाशित हो जाएगी। मतदान २२ अक्तूबर को होगा और मतगणना २३ अक्तूबर को कराई जाएगी।